सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 चैत्र 19, गुरुवार, शाके 1948–अप्रेल 9, 2026 अंक 2
Vol. 78 Chaitra 19, Thursday, Saka 1948–April 9 , 2026 No. 2

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, मनोज देवी पत्नी श्री कृष्ण लाल, आयु 35 वर्ष, निवासी ग्राम दुर्जाना मेघाना, तहसील नोहर, जिला हनुमानगढ़, राजस्थान – 335523, शपथपूर्वक यह कथन करती हूँ कि:–

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। यह कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम मनोज देवी है, जो मेरे समस्त सरकारी एवं निजी दस्तावेजों में अंकित है।
2. यह कि मेरी पुत्री सुनीता के समस्त शैक्षणिक अभिलेखों/दस्तावेजों में मेरी माता के रूप में मेरा नाम गलतवश ''मोनू देवी'' दर्ज हो गया है।
3. यह कि मनोज देवी एवं मोनू देवी दोनों नाम मुझ शपथग्रहिता के ही हैं, किसी अन्य व्यक्ति से इनका कोई संबंध नहीं है।
4. यह कि मैं अपनी पुत्री सुनीता के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में अंकित नाम ''मोनू देवी'' के स्थान पर मेरा सही नाम ''मनोज देवी'' संशोधित करवाना चाहती हूँ यह कि भविष्य में मेरी पुत्री के समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेखों में माता का नाम ''मनोज देवी'' ही पढ़ा, समझा एवं माना जाए।
5. यह शपथ पत्र मैं स्वेच्छा से, पूर्ण होशोहवास में, बिना किसी दबाव या प्रलोभन के दे रही हूँ तथा यह शपथ पत्र मेरी पुत्री के शैक्षणिक अभिलेखों में नाम संशोधन हेतु गजट नोटिफिकेशन के प्रकाशन के संदर्भ में प्रस्तुत किया जा रहा है।

स्थानः– अजमेर — मनोज देवी
दिनांकः– 23/01/2026 — शपथग्रहीता

सत्यापन

मैं, मनोज देवी उपरोक्त शपथग्रहिता, यह सत्यापित करती हूँ कि इस शपथ पत्र की समस्त सामग्री मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है तथा इसमें कोई तथ्य असत्य या छिपाया नहीं गया है।

स्थानः– अजमेर — मनोज देवी
दिनांकः– 23/01/2026 — शपथग्रहीता

ATTESTED
BHAWANI SINGH MEENA
18-02-2026
NOTARY PUBLIC
AJMER

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।